<u>कार्यालय जनपद न्यायाधीश, आगरा।</u>

<u>(प्रशासनिक अनुभाग)</u>

आदेश संख्या : 80/2023 **आगरा :** **दिनांक : 13 अप्रैल, 2023**

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त पत्रांक 5061/Admin. E-I Section/XC-27 दिनांकित 13.04.2023 के द्वारा दिनांक 14.04.2023 (दिन शुक्रवार) अम्बेडकर जयन्ती का अवकाश घोषित किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा पारित आदेश संख्या 225/2022 दिनांकित 31.12.2022 द्वारा दिनांक 14.04.2023 (दिन शुक्रवार) अम्बेडकर जयन्ती का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त उक्त पत्र के आलोक में दिनांक 14.04.2023 (दिन शुक्रवार) अम्बेडकर जयन्ती को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने के तथ्य को दृष्टिगत रखते हुये अधोहस्ताक्षरी द्वारा पारित आदेश संख्या 225/2022 दिनांकित 31.12.2022 में आंशिक संशोधन करते हुये दिनांक 14.04.2023 (दिन शुक्रवार) अम्बेडकर जयन्ती के स्थानीय अवकाश के स्थान पर **दिनांक 30.08.2023 (दिन बुधवार) रक्षाबन्धन का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।**

अग्रेतर, माननीय उच्च न्यायालय के उक्त पत्र में निर्दिष्ट निर्देश के अनुक्रम में **दिनांक 25.11.2023 (दिन चतुर्थ शनिवार) को न्यायिक अधिष्ठान, आगरा के समस्त न्यायालय में न्यायिक कार्य सम्पादन किये जाने हेतु कार्यदिवस घोषित किया जाता है।**

समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्ता संघों तथा सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाये।

इस आदेश की एक प्रतिलिपि प्रशासनिक अनुभाग एवं केन्द्रीय नजारत के सूचनापट्ट पर चस्पा की जाये तथा स्थानीय समाचार पत्रों को भी निःशुल्क प्रकाशनार्थ भेजी जाये।

तद्नुसार माननीय उच्च न्यायालय को भी सूचित किया जाये।

दिनांक : 13.04.2023

ह0/-
जनपद न्यायाधीश,
आगरा।